भारत सरकार

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 1647

उत्तर देने की तारीख : 30.07.2025

भारतीय हज यात्रियों को घटिया आवास सुविधाएं

1647. श्री कोडिकुन्नील सुरेश:

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को हज 2025 के दौरान प्रदान किए गए आवास की खराब गुणवत्ता के संबंध में भारतीय हज यात्रियों की ओर से शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें संलग्न शौचालयों या मूलभूत सुविधाओं से रहित कमरों के मामले शामिल हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) जिन हज यात्रियों को अति निम्न श्रेणी के आवास आवंटित किए गए उनकी संख्या कितनी है और ऐसे आवंटन के लिए प्रयुक्त मानदंडों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सेवा प्रदाताओं के साथ आवास समझौतों को अंतिम रूप देने से पहले निरीक्षण या गुणवत्ता संपरीक्षा की गई थी;

(घ) भारतीय हज समिति और सऊदी अरब स्थित भारतीय मिशन की भूमिका सुविधाओं के सत्यापन में क्या है;

(ङ) सरकार द्वारा भविष्य में हज यात्रियों की प्रत्येक श्रेणी के लिए भारतीय हज यात्रियों को सम्मानजनक, स्वच्छ और सुरक्षित आवास प्रदान किया जाना सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं; और

(च) विभिन्न विक्रेताओं और सऊदी अरब स्थित भारतीय मिशन के बीच हज 2025 के संबंध में प्राप्त, स्वीकृत और हस्ताक्षरित सभी बोलियों एवं अनुबंधों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) हज-2025 के दौरान सऊदी अरब अधिराज्य (KSA) में भारतीय हज यात्रियों के कार्यालय (IHPO) में आवास संबंधी समस्याओं के संबंध में कई शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें हज सुविधा ऐप पर प्राप्त शिकायतें भी शामिल हैं। ये शिकायतें मुख्य रूप से लिफ्टों की खराबी, बिजली आपूर्ति, स्वच्छता, एयर कंडीशनिंग और पानी की उपलब्धता से संबंधित थीं। सभी शिकायतों का तत्काल समाधान किया गया और उनका एक निश्चित समय-सीमा के भीतर निपटारा किया गया, जिससे भारतीय हज यात्रियों को ज्यादा असुविधा नहीं हुई। यह उल्लेख करना उचित होगा कि

हज यात्रियों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर, सऊदी अरब में आवास की गुणवत्ता के संबंध में तीर्थयात्रियों की संतुष्टि में हज 2024 की तुलना में 12.42% की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

(ख) सऊदी अरब में भारतीय हज समिति के तीर्थयात्रियों की मेजबानी के लिए चुने गए आवासों का कोई वर्गीकरण नहीं है और उन्हें एक समान मानक के अनुसार किराए पर लिया जाता है।

(ग) मक्का में, ई-हज पोर्टल के माध्यम से अनुबंधों को अंतिम रूप देने से पहले भारतीय हज यात्रियों के लिए आवास का निरीक्षण और चयन, भारतीय हज समिति के अध्यक्ष की अध्यक्षता में, राज्य हज समितियों के सदस्यों वाली एक भवन निरीक्षण-सह-चयन टीम (BIST) द्वारा किया गया था। इसके अतिरिक्त, हज-2025 के दौरान भारत से प्रतिनियुक्त अधिकारियों वाली एक बिल्डिंग रेडीनेस टीम ने भी भारतीय हज यात्रियों को आवास आवंटित करने से पूर्व उस आवास का निरीक्षण किया था।

(घ) भारतीय हज समिति (HCoI) और राज्य हज समितियों के अधिकारियों सहित अध्यक्ष/सदस्यों ने भवन निरीक्षण-सह-चयन टीम (BIST) के माध्यम से भारतीय हज यात्रियों के लिए आवास का निरीक्षण और चयन किया है। संबंधित सऊदी प्राधिकारी हज यात्रियों को आवास प्रदान करने के लिए उपयुक्त और रहने योग्य भवनों के लिए लाइसेंस जारी करते हैं। भारतीय मिशन आवास सहित सेवाओं को किराए पर लेने के लिए निविदा जारी करता है और यह सुनिश्चित करता है कि सभी चयनित आवासों के पास वैध लाइसेंस और भारतीय हज यात्रियों की मेजबानी के लिए अपेक्षित अनुमति हों।

(ङ) अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय मक्का, मदीना और मशाएर क्षेत्र में तीर्थयात्रा के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए हर साल भारतीय हज यात्रियों के आवास सहित सेवाओं में उत्तरोतर सुधार लाने का प्रयास करता है।

(च) हज-2025 के लिए तीर्थयात्रियों की व्यवस्था के संबंध में सऊदी अरब में विभिन्न विक्रेताओं और भारतीय हज मिशन, केएसए के बीच प्राप्त, स्वीकृत और हस्ताक्षरित बोलियों और अनुबंधों का विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

*****

अनुबंध-I

'भारतीय हज यात्रियों को घटिया आवास सुविधाएं' के संबंध में दिनांक 30.07.2025 के लिए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1647 के भाग (च) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

क्र. सं.	निविदा का नाम	प्राप्त बोलियों की संख्या	तकनीकी रूप से अर्हक बोलीदाताओं की संख्या	संविदा जिन्हें प्रदान की गई	संविदा का तरीका
1.	मशाइर और मक्का-मदीना ग्राउंड सेवाओं के लिए सेवा प्रदाता कंपनी का चयन	15	07	इथरा अल खैर	ई-हज पोर्टल के माध्यम से
2.	मक्का में तीर्थयात्रियों के आवास की व्यवस्था	आवास इकाइयों का निरीक्षण और चयन बीआईएस टीम द्वारा किया गया। मक्का में तीर्थयात्रियों के 395 स्वीकृत आवासों की संविदा ई-हज पोर्टल के माध्यम से की गई।			
3.	मदीना में तीर्थयात्रियों के आवास की व्यवस्था	16	06	(i) अल होसाम टावर्स कंपनी (ii) अल सदुन कंपनी (iii) अल अंडालस कंपनी (iv) मनाज़िल अल-मुख्तारा (v) अहमद मोहम्मद ज़ुहदी कंपनी (vi) अबू अल जौद होटल	ई-हज पोर्टल के माध्यम से
4.	इंटरसिटी परिवहन सेवाएँ	08	03	(i) दुरत अल मुनव्वरा कंपनी (ii) अबू सरहद ट्रांसपोर्ट कंपनी	ई-हज पोर्टल के माध्यम से
5.	अज़ीज़िया-हरम शरीफ शटल बस परिवहन	05	02	(i) हाफ़िल कंपनी (ii) अल क़ायद कंपनी	सामान्य संविदा
6.	तीर्थयात्रियों के भवनों में रसोई गैस की रिफिलिंग	03	03	मैसर्स अहमद गैस कंपनी	सामान्य संविदा
7.	मदीना से मक्का के बीच तीर्थयात्रियों के सामान का परिवहन	03	03	मैसर्स अल जबालीन अल राएदेह	सामान्य संविदा
8.	मक्का से मदीना के बीच तीर्थयात्रियों के सामान का परिवहन	04	02	मैसर्स अल हबीब कंपनी	सामान्य संविदा
9.	चिकित्सा पर्यवेक्षण सेवाओं का चयन	03	02	मैसर्स अल अबीर मेडिकल ग्रुप	सामान्य संविदा
10.	अस्पतालों में भर्ती हाजियों के लिए खानपान सेवाएँ प्रदान करना	02	01	मैसर्स पनूर रेस्टोरेंट	सामान्य संविदा

11.	राज्य हज निरीक्षकों के लिए सीयूजी (क्लोज्ड यूजर ग्रुप) के साथ डेटा सिम की खरीद	01	01	मैसर्स मोबिली	सामान्य संविदा
12.	14 पिक-अप वैन की शॉर्ट लीजिंग	01	01	मैसर्स ज़ाएर मॉडर्न टूरिज्म एंड ट्रांसपोर्टेशन कंपनी	सामान्य संविदा
13.	4 मिनी बसों की शॉर्ट लीजिंग	01	01	मैसर्स ज़ाएर मॉडर्न टूरिज्म एंड ट्रांसपोर्टेशन कंपनी	सामान्य संविदा
14.	तीर्थयात्री रोगियों के स्थानांतरण के लिए चिकित्सा अनुरक्षक की नियुक्ति	01	01	मैसर्स यूनिवर्सल अरेबिया मेडिकल सर्विसेज	सामान्य संविदा